मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 310, मुंबई, सोमवार, 5 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# महाराष्ट्र: सेना की वर्दी से भरी कार बरामद

## आर्मी और पुलिस ने मिलकर नाकाम की बड़ी साजिश!





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय सेना और महाराष्ट्र पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। अहमदनगर जिले में सेना की वर्दी से भरी कार पकड़ी गई है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया की कार में सेना के जवानों के 40 नकली कॉम्बैट यूनिफॉर्म मिले है। यह वर्दी नए पैटर्न के कॉम्बैट (लड़ाकू) यूनिफॉर्म की है। दिल्ली स्थित गिरोह भारतीय सेना की नकली नई लड़ाकू वर्दी बनाकर खुले बाजार में बेच रही थी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## फिल्म लाइन से जुड़े हाई प्रोफाइल

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## बड़े होटल में धराई 4 लड़कियां

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के करीब ठाणे में एक हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। बताया जाता है कि एक आलीशान होटल में देह व्यापार का धंधा चल रहा था। हाल ही में पुलिस ने ठाणे के भायंदर शहर में चल रहे सेक्स रैकेट का पदार्फाश किया है। एक्टिंग की दुनिया में अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई युवतियां मायानगरी मुंबई आती हैं। लेकिन कुछ संघर्ष करते-करते अधिक कमाई के लिए वेश्यावृत्ति की ओर मुड़ जाती हैं। हालांकि इनमें से कई ऐसे होते है जो जिम्मेदारियों के बोझ के चलते गलत रास्ता चुन लेते हैं। फिल्म प्रोडक्शन की आड़ में कुछ लोग यह घिनौना काम करवा रहे है।
**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



पुलिस ने आरोपी फिल्म प्रोड्यूसर सोलोमन रत्नमय्या और उसके सहयोगी चंद्रराज उर्फ मिशेल डेविड को किया गिरफ्तार

आरोपियों ने हिंदी फिल्मों, टीवी सीरियल, वेब सीरीज, फोटोशूट और यूट्यूब वीडियो में काम करने वाली अभिनेत्रियों को ज्यादा कमाई का लालच देकर वेश्यावृत्ति में धकेल दिया, इसके बाद युवतियों को जबरन जिस्मफरोशी करवाया

## महाराष्ट्र के रेजिडेंट डॉक्टर 7 फरवरी से हड़ताल पर



## मरीजों की बढ़ेगी परेशानी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक बार फिर रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल होने वाली है। अपनी लंबित मांगें पूरी नहीं होने के कारण रेजिडेंट डॉक्टरों में नाराजगी है. इसलिए राज्यव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि राज्य सरकार ने कई बार आश्वासन दिया, लेकिन फिर भी उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसलिए मजबूरन उन्हें हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। इस वजह से मुंबई समेत राज्यभर के सरकारी अस्पतालों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित होने की संभावना है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र में गैंगवार शुरू, शिंदे गैंग के सरगना



## आदित्य ठाकरे ने बोला हमला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के विधायक आदित्य ठाकरे ने मुंबई में मातोश्री पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना की। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ने आरोप लगाया कि राज्य में गिरोहों के बीच लड़ाई शुरू हो गई है। इसका नेतृत्व खुद सीएम शिंदे कर रहे हैं।
**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने यह टिप्पणियां तब की हैं, जब दो दिन पहले ठाणे जिले में एक जमीन विवाद को लेकर बीजेपी के विधायक गणपत गायकवाड ने शिवसेना (शिंदे गुट) के स्थानीय नेता महेश गायकवाड को पुलिस स्टेशन में गोली मार दी थी

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### दिमागी चिप!

**लगता** है इसी सदी में जहां जलवायु परिवर्तन पृथ्वी को खाएगा वही विज्ञान नए मानव रचेगा! नई मानव रचना में खोजी, मौलिक और क्रिएटिव पश्चिमी बुद्धि इन दिनों गजब ऊंचाइयों पर है। प्रमाण गुजरे सप्ताह की तीन खबरें हैं। एक, अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क ने बताया कि मनुष्य खोपड़ी में न्यूरालिंक चिप इम्प्लांट हुआ है और शुरूआती नतीजे आशाजनक हैं। दो, अमेरिका में पहली बार जीन थेरेपी तकनीक के इलाज से 11 साल के बहरे बच्चे ऐसाम ने जीवन में पहली बार अपने पिता की आवाज सुनी। तीन, जीन तकनीक से मानव प्राइमेट्स याकि बंदर का चीन में क्लोन बना है। यह नर रीसेस बंदर स्वस्थ और खुश है। वह दो साल का हो गया है। इन तीन खबरों के साथ दिन दुनी, रात चौगुनी की रफ्तार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) मनुष्य दिमाग की जगह जैसे ले रही है और नई क्षमताओं के रोबो की जो दुनिया बन रही है, उसकी वास्तविकताओं में बूझें तो अनुमान लगेगा, सदी के बाकी सालों में इंसानों की दुनिया बदली हुई होगी। दिमाग में चिप भविष्य की संभावनाओं में मील का पत्थर है। कल्पना करें दिमाग की गतिविधि को प्रभावित करने (अंततः नियंत्रण करने वाला) वाले चिप पर। खोपड़ी के भीतर, खोपड़ी के काम में हस्तक्षेप करके उसके द्वारा शरीर को यह निर्देश देना कि यह फलां काम करो! चिप लकवे के मारे व्यक्ति के शरीर में हलचल बनवा देगा। उसे खड़ा कर देगा। इसके लिए दुनिया के नंबर एक उद्यमी इलॉन मस्क ने 2016 में न्यूरालिंक नाम की एक स्टार्टअप कंपनी स्थापित की थी। अब नौ साल बाद मनुष्य की खोपड़ी में उसका चिप लग गया है। दिमागी गतिविधियों, उसके कामकाज की अत्यधिक बारीक, नैनो सरंचना में शरीर के काम, क्रिया विशेष के लिंक को पकड़ कर खोपड़ी के भीतर वह चिप लगा है जो अपने निदेर्शों से न्यूरोलॉजिकल विकारों जैसे पक्षाघात से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में गतिविधि ला देगा। पहले इस चिप का परीक्षण बंदरों में हुआ था। इलॉन मस्क के अनुसार न्यूरालिंक चिप प्रत्यारोपण करने से किसी भी बंदर की मौत नहीं हुई। उसके बाद कंपनी को पिछले साल अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, एफडीए ने मनुष्य दिमाग में चिप प्रत्यारोपण और परीक्षण की मंजूरी दी थी। और अब जैविक मनुष्य दिमाग में चिप के सफल परीक्षण की खबर है। न्यूरालिंक कंपनी के अनुसार उसके एन1 चिप ऐसे पदार्थ से बने खोल में होंगे, जिसे शरीर के अंदर सुरक्षित रूप से लगाया जा सकता है। चिप्स 'शरीर के अंदर के हालात से कहीं ज्यादा खराब और विपरीत हालात' में भी काम कर सकेंगे। एन1 चिप में एक छोटी सी बैटरी लगी होती है, जिसे बिना किसी तार के, बाहर से ही चार्ज किया जा सकेगा। इसका चार्जर बहुत छोटा और कहीं से भी काम करने में समर्थ। सोचें, दिमाग में चिप और वह बाहर से (मतलब वायरलेस तरीके से) अपने आप चार्जर से चार्ज होता हुआ। जाहिर है बैटरी कब चार्ज होनी है इसका मैसेज टेलीपैथी (वायरलेस तकनीक) से होता हुआ। तभी कंपनी ने बताया है कि पहले टेस्ट का मकसद प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांटेशन) (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आर1) की सुरक्षा का मूल्यांकन है। साथ ही लकवाग्रस्त व्यक्ति को अपनी थिंकिंग से बाहरी उपकरणों को कंट्रोल करने में समर्थ करने के लिए टेलीपैथी वायरलेस ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना भी है।

# महास्नान पर्व मौनी अमावस्या पर भीड़ का दबाव अधिक होने पर प्रबंधन हेतु आपातकालीन योजनाओं के संबंध में हुई ब्रीफिंग

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**




माघ मेला, प्रयागराज। रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला में उप-महानिरीक्षक/प्रभारी मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र आईपीएस द्वारा माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर संगम घाट व सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों की भीड़ अत्यधिक हो जाने पर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को सकुशल, निर्विघ्न एवं सुरक्षित स्नान कराने के उद्देश्य से भीड़ नियंत्रण हेतु आपातकालीन योजनाओं की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई है। आपातकालीन योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला में सर्व-सम्बन्धित की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान प्रभारी मेला द्वारा सर्व-सम्बन्धित को बताया गया कि माघ मेला में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों व मेला नियंत्रण कक्ष में नियुक्त पुलिसकर्मियों को आपातकालीन योजनाओं की भली भांति जानकारी होनी चाहिये जिससे श्रद्धालुओ/स्नानार्थियों को आने-जाने व स्नान के दौरान कोई असुविधा न हो तथा आपातकालीन योजनाओं के आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन के समय किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। ब्रीफिंग के पश्चात आज के दिन भीड़ होने के दृष्टिगत प्रभारी मेला के कुशल नेतृत्व में सभी आपताकालीन योजनाओं का सकुशल पूर्वाभ्यास भी किया गया एवं भीड़ को दृष्टिगत रखते हुये श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो समुचित पुलिस प्रबंध भी किये गये व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। इस दौरान नोडल पुलिस अधिकारी माघ मेला श्रद्धा नरेंद्र पांडे आईपीएस व मेला में नियुक्त समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे ।

# कराटे में मोनिका यादव को गोल्ड, हुई सम्मानित

## सफेदार नगर में क्राइम दस्तक ट्रस्ट का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**



**पटौदी।** पूर्व स्वतंत्रता सेनानी स्व.मा.बलबीर सिंह यादव (सफेदार नगर) की पड़पौत्री कुमारी मोनिका यादव सुपुत्री कृष्ण कुमार ने इंडो-नेपाल में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नेपाल की प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को राष्ट्रीय स्तर संस्था क्राइम दस्तक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार मा. सुरेश कोहली के नेतृत्व में सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विजेता खिलाड़ी मोनिका यादव को परिजन सहित प्रशस्ति-पत्र,तिरंगा बेज व बुक्के देकर सम्मानित किया गया। अपने सम्मान में विजेता खिलाड़ी मोनिका यादव ने कहा कि क्राइम दस्तक ने उन्हें जो सम्मान व हौसला अफजाई की है उनका वे तहदिल से आभार व्यक्त करते है। कु.मोनिका यादव ने बताया कि वे ग्यारहवीं कक्षा में कला संकाय की छात्रा है। उन्होंने बताया कि अभी उनके पास कराटे में ऑरेंज बेल्ट है लेकिन वे अभी धारूहेड़ा(रेवाड़ी) के देव सपोर्ट अकादमी से कोचिंग भी ले रही है। ब्लैक बेल्ट की तैयारियां कर रही है जिसको लेकर उनके परिजन काफी सपोर्ट कर रहे है। उन्होंने बताया कि लड़कियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार सुरेश कोहली ने मीडिया को बताया कि समय -समय पर देश की विभिन्न प्रतिभाओं को संस्था सम्मानित कर चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजू खान का कहना है कि संस्था के माध्यम से भ्रष्टाचार, नशामुक्ति व साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इस अवसर पर पूर्व तहसीलदार सुरेश कुमार,डॉ.दानिश अली पटौदी, डॉ.कविता वर्मा,सोनू यादव, जीतराम यादव, लाल सिंह यादव,विनोद यादव,डॉ.प्रताप यादव, पूर्व पंच निर्मल कुमार,प्रवीन यादव, जतिन यादव, साहिल यादव,आरके यादव, रणदीप चौहान,आनंद चौहान,कौशल्या,राजबाला, रेखा यादव, सतीश चौहान,नरेश शर्मा,कार्तिक,लक्ष्य आदि ने भी शुभकामनाएं दी है।

# मां शीतला धाम का दर्शन करने के बाद नए जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार

## कार्यभार संभालते ही जिम्मेदारियां निभाने में जुट गए नवागत जिलाधिकारी

**मुंबई हलचल/हाफिज नियामत**



**जौनपुर** में आज नवागत डीएम रविन्द्र कुमार मंदर ने पदभार संभाला, शहर में पहुंच कर सर्व प्रथम उन्होंने मां शीतला चौकियां धाम में मां का दर्शन व पूजन अर्चन किया, पूजा करने के बाद उन्होंने शुक्रवार को दोपहर में ट्रेजरी कार्यालय पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया,जहां उन्होंने शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करने की बात कही,वही कार्यालयो में समय से जनता सुनवाई के लिए सभी अधिकारियों ,कर्मचारियो को समय से अपने कार्यालय में पहुंच कर जनता की समस्याओं को सुनने के लिए डीएम ने मातहतों को निर्देशित भी किया,इस दौरान जमीन संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए भी त्वरित सुनवाई के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को ध्यान देने को कहा। कार्यभार ग्रहण के बाद कलेक्ट्रेट के तमाम अधिकारियों सहित सीडीओ एवम अन्य अधिकारी और कर्मचारियों संग मीटिंग की। इस अवसर पर डीएम के साथ लगातार मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वि0एवंरा0 राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, पीडी जयकेश त्रिपाठी, समस्त उपजिलाधिकारी, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रजाक्ता त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बिल्डर हैदर और जिशान कर रहा है अवैध निर्माण







**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंब्रा-ठाणे।** जिला प्रशासन तथा नगरपालिका के शहरी क्षेत्र में स्थित मुंब्रा प्रभाग में अवैध रूप से भवन निर्माण के कार्य किए जा रहे हैं और इस दुर्भाग्यपूर्ण कार्य स्थिति को इस समाचार पत्र में पहले भी प्रकाशित किया गया था। किन्तु महानगरपालिका के अधिकारियों पर इस सूचना का कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा? एक ओर अवैध निर्माण धरलले से जारी है तो दूसरी ओर महानगरपालिका के अधिकारी मौन? पिछले दिनों इसी समाचार पत्र में लिखा गया था कि बिल्डर हैदर और जीशान, मुंब्रा के हैदर नगर में यह अवैध निर्माण कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह सब कार्य सरकारी अधिकारियों के मिलीभगत से ही चलता है। अन्यथा यही अधिकारी अपनी फौज और बुलडोजर के साथ निर्माण स्थान पर आ जायेंगे यदि उन्हें उनका हिस्सा न मिले और यदि माल की प्राप्ति हो जाती है तो मनपा के अधिकारी गूंगे बहरे बन जाते हैं। यही तथ्य और सत्य है।

# हेट स्पीच मामले में मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को पुलिस ने हिरासत में लिया

## समर्थकों ने जमकर किया हंगामा

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** हेट स्पीच मामले में पुलिस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। इस दौरान मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी ने अपने समर्थकों से विरोध न करने की अपील की।

वहीं वकील वाहिद शेख ने बताया कि मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के घर पर सुबह सिविल ड्रेस में 35-40 पुलिसकर्मी मौजूद थे। हमने उनसे उनके आने का मकसद पूछा लेकिन कुछ नहीं बताया गया। गुजरात के जूनागढ़ में भड़काऊ भाषण देने वाले मौलाना मुफ़्ती सलमान अजहरी



को गुजरात एटीएस ने हिरासत में लिया है। मौलाना को मुंबई के घाटकोपर इलाके से पकड़ा गया। मुफ़्ती सलमान अजहरी पर धारा 153ए, 505, 188, 114 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में जूनागढ़ पुलिस ने दो और लोगों को भी अरेस्ट किया है।

**मौलाना मुफ्ती के वकील ने क्या कुछ कहा?**

वहीं, वकील वाहिद शेख ने बताया कि मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के घर पर सुबह सिविल ड्रेस में 30-40 पुलिसकर्मी मौजूद थे।

हमने उनसे उनके आने का मकसद पूछा, लेकिन कुछ नहीं बताया गया। वकील ने बताया, मौलाना मुफ्ती से समन्वय करने के बाद उन्होंने (पुलिस ने) कहा कि गुजरात में 153बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। मौलाना मुफ्ती उनके साथ पुलिस स्टेशन आए और उन्होंने मदद भी की, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया... मौलाना मुफ्ती सहयोर करने को तैयार हैं, लेकिन पुलिस कोई जवाब नहीं दे रही है।

# 'शी' वेब सीरीज मुंबई पुलिस की छवि को कर रही है खराब

## सोशल एक्टिविस्ट शबनम शेख ने खोले कई राज

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** हेल्पकेर फाउंडेशन के फाउंडर शबनम शैख ने मिडिया से बात करते हुए बताया है कि सोशल बेब साईट में इन दिनों मुंबई पुलिस की छवि को खराब किया जा रहा है। अभी हाल ही में 'शी' वेब सीरीज ने मुंबई पुलिस की महिला कांस्टेबल की छवि को खराब कर दिया है, जबकि उसे वेश्या बना दिया है, जो एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में दुनिया की दूसरी सबसे अच्छी पुलिस फोर्स को अपमानित कर रही है, शबनम शेख ने आपत्ति जताई और शिकायत दर्ज कराई, यह वेब सीरीज




पुलिस बल में काम करने वाली महिला अधिकारियों की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। शबनम शेख ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस और महाराष्ट्र सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ऐसी वेब सीरीज पर कार्रवाई करें और मुंबई पुलिस की हो रही खराब छवि को तुरंत अटकाया जाए। मेरी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजीत दादा पवार, महाराष्ट्र डीजीपी, मुंबई पुलिस कमिश्नर, क्राईम ब्रांच मुंबई से रिक्वेस्ट है कि इस मामले की जांच करें और वेब सीरीज को बंद करें।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### फिल्म लाइन से जुड़े हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

ठाणे पुलिस को खबर मिली थी कि भयंदर में एक पॉश होटल में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर छापेमारी की। मौके पर वहां चार से जादा लड़कियां मिलीं। लड़कियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया और पूछताछ की गई। सीनियर इंस्पेक्टर समीर अहिरराव द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर शुक्रवार दोपहर भायंदर शहर के एक पॉश होटल में छापेमारी की गई। छापेमारी में एक फिल्म निर्माता द्वारा चलाए जा रहे हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस ने आरोपी फिल्म प्रोड्यूसर सोलोमन रत्नमय्या और उसके सहयोगी चंद्रराज उर्फ मिशेल डेविड को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की छापेमारी होते ही होटल में हड़कंप मच गया। कथित तौर पर आरोपियों ने हिंदी फिल्मों, टीवी सीरियल, वेब सीरीज, फोटोशूट और यूट्यूब वीडियो में काम करने वाली अभिनेत्रियों को ज्यादा कमाई का लालच देकर वेश्यावृत्ति में धकेल दिया। इसके बाद युवतियों को जबरन जिस्म फरोशी करवाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने छापा मारकर चार से अधिक महिलाओं को बचाया है। महिलाओं से पूछताछ के बाद चौंकाने वाली बात सामने आई है। शुरूआत में आरोपियों ने पैसों का लालच देकर महिलाओं को वेश्यावृत्ति में धकेल दिया। इसके बाद उन्हें वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया जाने लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महाराष्ट्रः सेना की वर्दी से भरी कार बरामद

इसकी भनक जब मिलिट्री इंटेलिजेंस को लगी तो उन्होंने जांच शुरू की। इस बीच मिलिट्री इंटेलिजेंस के इनपुट पर महाराष्ट्र पुलिस ने शुक्रवार को वर्दी ले जा रहे कार को पकड़ लिया और गिरोह का पदार्फाश किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरोह का सरगना दिल्ली और राजस्थान से जुड़ा हुआ है। संदिग्ध से पूछताछ चल रही है। दक्षिणी कमान (पुणे) के मिलिट्री इंटेलिजेंस द्वारा दिए गए खास इनपुट के आधार पर शुक्रवार को अहमदनगर की भिंगार पुलिस ने सुरेश खत्री को गिरफ्तार किया। नासिक के आनंद नगर के निवासी खत्री के पास से सेना की नए पैटर्न की 40 नकली लड़ाकू वर्दी मिली। उसे अहमदनगर के कैंट परिसर से गिरफ्तार किया गया।

### महाराष्ट्र के रेजिडेंट डॉक्टर 7 फरवरी से हड़ताल पर

महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (एमएआरडी) ने एक बयान में कहा कि राज्य के रेजिडेंट डॉक्टरों की कई समस्याएं काफी समय से लंबित हैं। पिछले एक साल में संगठन ने इसके लिए सरकार से बार-बार अपील की है। लेकिन प्रशासन की ओर से हर बार हमें सिर्फ आश्वासन दिया गया। एसोसिएशन का आरोप है कि असल में हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सेंट्रल एमएआरडी (मार्ड) संगठन ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 7 फरवरी को शाम 5 बजे से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। हड़ताल के दौरान सभी आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी। जबकि ओपीडी और आईपीडी सेवाएं ठप रहेंगी। मार्ड एसोसिएशन ने रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल के कारण मरीजों को होने वाली परेशानी के लिए माफी मांगी है। बयान में कहा गया है, रेजिडेंट डॉक्टरों को कभी भी उनके उचित स्टाइपेंड का भुगतान समय पर नहीं किया गया है। कई महीनों से स्टाइपेंड बकाया होने के कारण रेजिडेंट डॉक्टरों के मूल अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

### महाराष्ट्र में गैंगवार शुरू, एकनाथ शिंदे गैंग के सरगना

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने यह टिप्पणियां तब की हैं, जब दो दिन पहले ठाणे जिले में एक जमीन विवाद को लेकर बीजेपी के विधायक गणपत गायकवाड ने शिवसेना (शिंदे गुट) के स्थानीय नेता महेश गायकवाड को पुलिस स्टेशन में गोली मार दी थी। विधायक गायकवाड (56) अभी पुलिस कस्टडी में है। शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड (40) की हालत गंभीर है और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

# रामकृष्ण मिशन मुंबई में स्वामी विवेकानंद की 170 वीं जयंती उत्सव सम्पन्न

## शशि दीप ने की मठ प्रेसिडेंट सत्यादेवानंदा स्वामी से सौजन्य भेंट

**मुंबई हलचल/सैयद रिजवान अली**

**मुंबई।** दिनाँक 2 फरवरी को स्वामी विवेकानंद जी की 170 वीं जयंती के पावन अवसर पर राम कृष्ण मिशन की मुंबई शाखा खार रोड में सम्पन्न प्रार्थना सभा एवं व्याख्यान में प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप ने शिरकत की। आश्रम प्रमुख स्वामी सत्यानंद स्वामी के सानिध्य में सम्पन्न इस प्रार्थना सभा में सैकड़ों अनुयायियों ने उपस्थित होकर स्वामी रामकृष्ण परमहंस व स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का प्रण लिया। स्वामी जी के व्याख्यान व विशेष आरती के पश्चात शशि दीप ने स्वामी सत्यानंद जी से सौजन्य भेंट की व प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स जो कि पत्रकारों की सुरक्षा व कल्याण के लिए देशव्यापी अभियान चला रही है का वार्षिक कैलेंडर व संगठन के अभिन्न अंग विश्व साहित्य सद्भाव परिषद की अभिनव कृति, शशि दीप संपादित साहित्य शिखा की प्रति मिशन की लाइब्रेरी के लिए भेंट की। इस अवसर पर शशि दीप के साथ युवा समाजसेवी, पद्मश्री स्व. सुलोचना चव्हाण जी की पोती




आरती चव्हाण भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर शशि दीप ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में समाहित कर विश्व में सहज ढंग से शांति, सद्भाव व भाईचारा कायम किया जा सकता है। व उनके बताई मार्गों का अनुसरण करना ही हमारी उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# पढ़ो और पढ़ाओ: आरिफ इकरा

## शिक्षा सबके लिए है: सादिक चंदेरी



**मुंबई हलचल/सैयद रिजवान अली**

**इंदौर।** धार जिले के बाकानेर मैं प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट कोमी एकता कमेटी परख साहित्य मंच प्रेस क्लब बाकानेर अखिल निमाड़ लोक परिषद के सयुक्त आयोजन, शिक्षा एक लाजवाब दौलत है, विषय पर कार्य शाला आयोजित की गई मुख्य अथिति वरिष्ठ समाज सेवी बड़वानी शेख आरिफ मोहम्मद इकरा विशेष अथिति वरिष्ठ समाज सेवी सादिक चंदेरी अध्यक्षता काजी सैयद हमीदुद्दीन साहब ने की। जनाब आरिफ इकरा ने कहा ये दौर कंप्यूटर,मोबाइल का है हम पढ़े और अपने बच्चो को पढ़ाए तालीम शिक्षा जरूरी है। शादी जन्मदिन पे तोहफे उपहार मैं कापी किताबे दे। जनाब सादिक चंदेरी ने कहा शिक्षा सबके लिए है और इसकी उम्र फीक्स नही स्टूडेंट लाइफ के बाद भी पद सकते है। निरंतर पढ़े रेगुलर प्राइवेट बेटियो,महिलाओं को ज्यादा पढ़ाए ये दो परिवारों को ससुराल मायका संभालती है। हिंदी अंग्रेजी, निमाड़ी उर्दू अरबी संस्कृत सभी भाषा सीखे। इस अवसर पे जालिम सिंह तोमर फारुख नसीर खान मोहम्मद अयाज खान लोकेंद्र जाधव तसव्वुर हुसैंन दडवाल गुडविन बारचे सैयद अखलाक अली सैयद अशफाक अली बबलू मोहम्मद मंसूरी मौजूद रहे। इस अवसर पे वर्ष 2024 का नवभारत प्रेस क्लब आफ वर्किंग जर्नलिस्ट कैलेंडर का विमोचन भी किया। सभी अतिथियों को कलम बुक देकर सम्मानित किया।संचालन सैयद रिजवान अली ने किया,आभार जालिम सिंह तोमर हरी ने माना।

### सीएम ममता के 'एकला चलो' पर कांग्रेस नेता जयराम का कटाक्ष

# 42 सीटों पर लड़ना सीट शेयरिंग का फॉर्मूला नहीं, राजनीति में सब संभव

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन में अभी तक सीट शेयरिंग पर बात नहीं बनी है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पहले की कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी राज्य की 42 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इस पर कांग्रेस ने बातों ही बातों में अपनी सफाई दी और अपनी रजा भी जाहिर की है...

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन में अभी तक सीट शेयरिंग पर बात नहीं बनी है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पहले की कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी राज्य की 42 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसे लेकर अब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सीट शेयरिंग को लेकर ईमानदारी से टीएमसी के साथ बैठकर बातकरेगी और जब तय होगा घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ममता ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में वे 42 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, ये उनकी लड़ाई है।

जब हम गठबंधन में होते हैं तो बात होती है, हम कुछ लेते हैं और कुछ देते हैं। हमारी ओर से उनका 42 सीटों पर लड़ना कोई सीट शेयरिंग फॉर्मूला नहीं है। 2003 में कांग्रेस का मनोबल बहुत गिर गया था। हम छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान हारे तो अखबारों ने लिखा कांग्रेस पार्टी गई। उस समय इंडिया शाइनिंग था और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे व्यक्ति पीएम थे। फिर 2004 में किस गठबंधन की सरकार बनी। इसका मतलब है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। तालमेल में कई राज्यों ने झटका दिया है।

## गठबंधन में बातचीत चल रही, हम कुछ लेते हैं और कुछ देते हैं

'इंडिया' में फिलहाल नहीं थम रही रार



कई राज्यों ने गठबंधन को दिया झटका

### हम हर सीट पर मजबूती से लड़ेंगे

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर रमेश ने कहा कि यह एक वैचारिक यात्रा है राजनीतिक यात्रा नहीं है। हमें चुनाव के लिए जो तैयारी करनी है वो किया जा रहा है। हम हर सीट पर मजबूती से लड़ेंगे। जहां हम अपने बल पर लड़ रहे हैं वहां अपने बल पर लड़ेंगे और जहां गठबंधन के हिस्से में लड़ रहे हैं वहां गठबंधन को मजबूत करेंगे। 2024 के चुनाव का नतीजा सुनिश्चित नहीं है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की पार्टी को इलेक्शन कमीशन अपॉइंटमेंट नहीं दे रहे। हमारा लोकतांत्रित हक बनता है कि हम इलेक्शन कमीशन के पास जाएं और इवीएम के बारे में हमारी जो भी आशंकाएं हैं उसको अवगत कराएं, एक मेमोरेंडम दें।

### जल्द किया जाए सीट बंटवारा: अखिलेश

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बड़ी मांग की है।



उन्होंने कहा है कि आईएनडीआईए में जल्द से जल्द सीटों का बंटवारा हो। कांग्रेस की मांग 20 सीटों की है। वहीं सपा कांग्रेस को 11 सीट का प्रस्ताव पेश कर चुकी है। दूसरी ओर कांग्रेस का रुख है कि वह 11 सीटों पर राजी नहीं है। अलायंस में राष्ट्रीय लोकदल को 7 सीटें दी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को 71 सीटें मिलीं और 42.63 फीसदी वोट मिले थे। अपना दल (एस) को 2 सीट और 1 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं सपा को 5 सीट और 22.35 फीसदी वोट मिला था। इसके अलावा बसपा का खाता भी नहीं खुला था और उसे 19.77 फीसदी वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में कांग्रेस को 2 सीटें और 7.53 फीसदी वोट मिले थे।

### बोकारो की ओर बढ़ी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

### नेहरू ने स्मारक बनवाया था

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' रविवार को धनबाद से फिर शुरू हुई। इस यात्रा का झारखंड में यह तीसरा दिन है। धनबाद के टुंडी प्रखंड में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर शुरू हुई। जयराम ने कहा कि हम धनबाद से बोकारो जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा बनाए स्मारक हैं।? भिलाई, राउरकेला, दुर्गापुर, भाखड़ा नांगल, बोकारो, धनबाद, बरौनी, सिंदरी- ये सभी भारत के आर्थिक विकास के स्मारक हैं। यात्रा सरायढेला, आईआईटी-आईएसएम गेट, रणधीर वर्मा चौक, रेलवे स्टेशन के समीप श्रमिक चौक से गुजरेगी और बैंक मोड़ पहुंचेगी जहां एक सार्वजनिक रैली होगी। भोजन के लिए रुकने के बाद यात्रा दोपहर करीब 2:00 बजे जेना मोड़ से फिर शुरू होगी।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# राहुल गांधी नहीं बन सकते पीएम, भाजपा केरल में ध्वस्त करेगी द्विध्रुवीय राजनीति



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की और कहा कि केरलवासियों को यह अहसास है कि पीएम नरेंद्र मोदी की सत्ता में तीसरी बार वापसी हो रही है। केरल भाजपा के प्रभारी जावड़ेकर ने दावा किया कि उनकी पार्टी आगामी चुनावों में कम से कम 5 सीटें जीतकर राज्य की द्विध्रुवीय राजनीति को खत्म कर देगी।

जावड़ेकर ने साथ ही यह भी दावा किया कि केरल के लोगों को यह अहसास है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं। अगर 2019 में आप किसी भी केरलवासी (हिंदू, ईसाई, मुस्लिम) से पूछा होगा तो उन्होंने आपको जवाब दिया होगा कि राहुल प्रधानमंत्री बनेंगे। यह उनका अपना उपदेश और विश्वास था। अब केरल में किसी भी हिंदू, मुस्लिम, ईसाई से पूछेंगे तो वह बताएगा कि पीएम मोदी तीसरी बार वापसी कर रहे हैं।

### यहां पीएम मोदी का काम दिख रहा

जावड़ेकर ने कहा कि ईसाइयों तक उनकी पार्टी की ठोस पहुंच के परिणामस्वरूप उनका एक बड़ा वर्ग अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों में इसके लिए मतदान करेगा। 2019 से भाजपा के लिए चीजें कैसे अलग हैं, इस पर उन्होंने कहा कि हर किसी को अब अहसास है कि पीएम मोदी सत्ता बरकरार रखेंगे और उनकी सरकार का काम राज्य में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा,मतदाताओं को अहसास है कि उन्होंने 2019 में कांग्रेस को वोट दिया था, लेकिन देशभर में हर जगह उसे हार का सामना करना पड़ा।कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 2019 में दक्षिणी राज्य की 20 लोकसभा सीटों में से 19 सीटों पर जीत हासिल की थी। वायनाड से चुनाव लड़ने के राहुल के फैसले ने गठबंधन का मनोबल बढ़ाया था। राहुलवहां से जीत गए, लेकिन अमेठी से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। एलडीएफ, जो राज्य में सत्ता में है, के आसपास केंद्रित यह द्विध्रुवीय राजनीति इस बार खत्म हो जाएगी।

### वायनाड के 140 स्थानों पर देखा गया प्राण प्रतिष्ठा समारोह

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस ने समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया। वहीं, वायनाड जिले में 140 से अधिक स्थानों पर हजारों मतदाताओं ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखा।

### सनातन को लगातार बदनाम कर रहे

# स्वामी के काफिले पर काली स्याही दिखाकर फेंका जूता

मुंबई हलचल / कौशांबी

सपा के राष्ट्रीय महासचिव व विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य का हिंदू संगठन के सदस्यों ने जमकर विरोध किया।



रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे सैनी के करनपुर सौंरई गांव के समीप सड़क पर उतरे हिंदूवादियों ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काला झंडा दिखाने के साथ काली स्याही व जूता भी फेंका।पुलिस फोर्स ने हिंदू संगठन के लोगों को दूर तक खदेड़ा। हिंदू



नेताओं का आरोप है कि स्वामी प्रसाद मौर्य सनातन व हिंदू धर्म को बदनाम करने के लिए विवादित बयान देते रहते हैं जबकि वास्तव में उन्हें हिंदू व सनातनी ग्रंथों की जरा भी जानकारी नहीं है। बहरहाल विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही कार्रवाई की गई है।

# सीएएसजीसी में मुर्मू और शाह भी पहुंचे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सीएलईए-कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी) 2024 में भाग लिया। सम्मेलन का विषय 'न्याय वितरण में सीमा पार चुनौतियां' है। इस सम्मेलन का उद्देश्य कानून और न्याय से संबंधित अन्य मुद्दों न्यायिक परिवर्तन और कानूनी अभ्यास के नैतिक आयामों पर विचार-विमर्श करना है। कार्यकारी जवाबदेही और प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अन्य बातों के अलावा, आधुनिक कानूनी शिक्षा पर दोबारा गौर करना है।



### श्री कल्कि धाम का दिया आमंत्रण

# पीएम मोदी के बाद अब राजनाथ से मिले कांग्रेस के आचार्य प्रमोद

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को श्री कल्कि धाम शिलान्यास के संदर्भ में आमंत्रित करने के लिए मुलाकात की थी।

अब उन्होंने भाजपा के एक और बड़े नेता से मुलाकात की है। हालांकि आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखने की अपील की है। आचार्य प्रमोद ने रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार्य बतौर कांग्रेस प्रत्याशी राजनाथ के खिलाफ चुनावी मैदान में थे।



### राजनीतिक नजरिए से न देखें

राजनाथ से मुलाकात के बाद आचार्य ने कहा, 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम का शिलान्यास हो रहा है, उस समारोह के लिए मैं रक्षा मंत्री सिंह को आमंत्रित करने आया था। इस मुलाकात का और कोई प्रयोजन नहीं है, इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखें।

# आइडियल एजुकेशनल मूवमेंट द्वारा पुरस्कार वितरण 'गूंज' का आयोजन



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**गोवंडी।** आइडियल एजुकेशनल मूवमेंट द्वारा पुरस्कार वितरण 'गूंज' का आयोजन रविवार, 28 जनवरी को गोवंडी की धरती पर आदर्श शैक्षिक आंदोलन के तत्वाधान में एक अद्भुत 'गोंज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के उद्देश्य के तहत आईईएम कक्षाओं के पिछले वर्ष के शिक्षित विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह की शुरूआत आदरणीय आदर्श शिक्षक अंसारी रईस अकरम के मार्गदर्शन में फरहीन बानो की खूबसूरत तिलावत से हुई। बाद में मुहम्मद बिलाल ने मनमोहक आवाज में नात पेश की। 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली साजदा, कुलसुम और मिश्कवत ने अल्लामा इकबाल का तराना 'ऐ ला अल्लाह के वरस' सुनाकर युवाओं में जोश जगाया। शेख सलाउद्दीन सर ने अतिथियों के बीच आदर्श शैक्षिक आंदोलन का संक्षिप्त परिचय एवं उद्देश्य प्रस्तुत किये। जबकि अध्यक्षता अंजुमन-ए-सलाम के उपाध्यक्ष डॉ. शेख अब्दुल्ला सर, अध्यक्षता अलमास रिसाला के संस्थापक मुफ्ती शराफुद्दीन, शिक्षाविद् एवं मखदूम ट्रस्ट के निदेशक डॉ. साबिर, उर्दू साहित्य की महत्वपूर्ण हस्ती डॉ. कमर सिद्दीकी, डॉ. खालिद, एसएआई ग्रुप के निदेशक, और श्री शेख इकबाल साहब। टिमटिमाते सितारे इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थे। इसके अलावा आदर्श कक्षा में पढ़ने वाली छात्राएं करीना, कायनात, कनीज फातिमा और रिदा ने बेहतरीन तरीके से प्रार्थना और भाषण प्रस्तुत किया। पिछले वर्ष के छात्र उम्म हानी, मारिया, शाह जैबुद्दीन, सबा जहरा, रशीदा, शबनूर, शाइस्ता, निकहत, उस्मान, तस्मिया को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया और आइडल के शिक्षकों को भी उपहारों से सम्मानित किया गया। अंत में, आइडल एजुकेशनल मूवमेंट को एक गुलदस्ता भेंट किया गया सक्रिय सदस्य श्री कफील अहमद सर के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ मुख्य अतिथि। आयोजन को सफल बनाने में टीम रिफॉर्म्स के कार्यकर्ता मोहम्मद कैफ सर, इरफान सर, रईस सर, वलीउल्लाह सर एवं जीशान एवं तनवीर सर ने भरपूर सहयोग किया।

# अब तक Give Me Trees के सौजन्य से 149पेड़ लगाए गए

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

Give Me Trees के तत्वावधान में टीम के सलाहकार सदस्य इंजीनियर बाल कृष्ण पांडेय के अगुवाई में राजधानी दिल्ली में 21वृक्षारोपण कार्य टीम के संयोजक विकास मौर्य संस्थापक गणेश दुबे व दिल्ली प्रभारी शुभम मिश्रा टीम के सिपाही रंजीत मौर्य,शुभम आदि मौजूद रहे टीम के सलाहकार सदस्य बाल कृष्ण पांडेय ने बताया कि पेड़ इस समय बहुत जरूरी है हमारे स्वास्थ्य और आने वाले पीढ़ी के लिए पेड़ ही सबसे बड़ा धन है आज हम बैंक बंगला गाड़ी सब कुछ कर दे लेकिन उनके लिए आक्सीजन ही न रहे वो खुलीं हवा ही न ले सकें अंततः उन्हें भी करोना काल की तरह सामना करना पड़ गया तों सब यही रह जाएगा और अंतिम समय में आक्सीजन के लिए जान गंवाना पड सकता है इस लिए मैं इस मुहिम के संचालक श्री गणेश दुबे का आभार व्यक्त करता हूं इन्होंने दिल्ली में 1जनवरी से 1000+वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा और निरंतर वृक्षारोपण कार्य कर रहे हैं अब तक Give Me Trees के सौजन्य से 149पेड़ लगाए गए हैं और सभी पेड़ सुरक्षित है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

**उत्तराखंड हलचल**

# 7 फरवरी को दिल्ली में होने वाले मुस्लिम धोबी समाज के महा सम्मेलन को कामयाब बनाए-नसीम रहमान

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लंढौरा हरिद्वार।** आल इंडिया जमीअतुल कस्सार संगठन की एक बैठक का आयोजन किया गया। संगठन के परदेश अध्यक्ष नसीम रहमान ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया आनेवाली 7फरवरी को इस्लामिक कल्चर सेंटर लोधी रोड़ दिल्ली में मुस्लिम धोबी समाज का महासम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें समाज की भलाई के लिए अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा जिन बिरादरियो का संगठन नहीं हैं। उन लोगों की कही भी कोई सुनवाई नहीं हैं। उन बिरादरियों के लिए एक ही विकल्प हैं। संगठन बनाकर संघर्ष करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता



नहीं हैं। उन्होंने कस्सार बिरादरी को शिक्षा के प्रति सीख भी दी यहां आयोजित आल इंडिया जमीअतुल कस्सार की बैठक में परदेश अध्यक्ष नसीम रहमान ने कहा देश में जब से जातिवाद का चलन हुआ हैं। तभी से आर्थिक व शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों को अपने हकों को सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया हैं। उन्होंने कहा जिन बिरादरियों का शासन में पर्तिनिध्व नहीं हैं। उन बिरादरियों के लिए चुनौतियां ज्यादा कठिन हैं। उन्होंने कहा तमाम चुनौतियों का एक विकल्प हैं। संघर्ष। अपने हकोको पाने के लिए लड़ना होगा। उन्होंने कहा जो लड़ाई कससार, बिरादरी लड़ रही हैं। उसके लिए सबसे ज्यादा जरूरत संगठन व शिक्षा की हैं। चौधरी जमील अहमंद ने कहा शासन स्तर से हिंदू धोबी व मुस्लिमधोबीयो में भेद भाव किया जा रहा है। हिन्दू धोबी को अनुसूचित जाति में रखा गया हैं। मुस्लिम धोबी को पिछड़ी जाति में रखा गया हैं। इसी मांग को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में बिरादरी का महा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की अपील की बैठक में मौजूद रहे। शहजाद कस्सार, फरजान अली, चौधरी नसीम उर्फ भीम,मोबीन,सोनू, जमीर हसन, आदिल रहमान सलीम,अनीस, आदि।

# स्वच्छ रुड़की मिशन पर जुटा आहार फाउंडेशन, नहर किनारे, सोलानी पार्क, पर चला रहे सफाई अभियान

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**रुड़की हरिद्वार।** स्वच्छ रुड़की मिशन के अंतर्गत नहर के किनारे सोलानी पार्क, जादूगर रोड पर आहार फाउंडेशन स्वच्छता अभियान चला रहा है। आहार फाउंडेशन वोरियंटर के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सोलानी पार्क से भारी मात्रा में कूड़ा-करकट, मुर्तियां, कचरा और प्लास्टिक को हटाया गया। इसके अलावा लोगो को स्वच्छता जागरूकता का संदेश भी दिया गया। फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर सुरभी और मानू




भटनागर ने बताया है कि अभियान हर सप्ताह चलाया जाता है। अभियान का उद्देश्य शहर को प्रदुषण से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों का भी अभियान में समर्थन मिल रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाता है। इससे आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने में मदद मिलेगी। आहार फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर सुरभि और मानू भटनागर ने बताया है कि आहार फाउंडेशन की तरफ से सप्ताह में दो दिन रेलवे स्टेशन रुड़की में गरीबों को पौष्टिक युक्त मुफ्त भोजन कराया जाता है। जिस से दूर दराज से आय अन्य यात्री भी भोजन का लाभ उठा रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि शहर में कोई भी गरीब व्यक्ति भोजन के बिना भूखा न रहें। आहार फाउंडेशन की इस मुहीम की पूरे इलाके में प्रशंसा हो रही है।

# भारतीय जनता पार्टी का हरिद्वार ग्रामीण उत्तर मंडल की गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** हरिद्वार ग्रामीण उत्तर मंडल की गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन ग्राम बहादरपुर जट के ज्ञान पैलेस में हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रणव यादव और कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र चौहान ने किया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी यतिस्वरानंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रवासी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे और वोटो को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों से संपर्क करेंगे भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राष्ट्र की सरकारी लोकहित में काम कर रही है माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने अनेक लोक कल्याणकारी कार्य किए हैं गन्ना मूल्य में 20 की बढ़ोतरी की गई है जिसे गन्ना किसानों को लाभ मिलेगा इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा ने




बताया कि प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे के लिए दूसरे बूथो में जाएंगे और वहां पर प्रवास करेंगे इस प्रवास के दौरान वह कार्य करता बूथ समिति का सत्यापन करेंगे और पन्ना प्रमुख के साथ बैठक करेंगे और लाभार्थियों की सूची बनाएंगे और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता को अवगत कराएंगे इस अवसर पर गांव चलो अभियान के सह संयोजक धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि गांव चलो अभियान भारतीय जनता पार्टी का बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है इस अभियान के अंतर्गत 9 से 11 फरवरी तक प्रवासी कार्यकर्ता दूसरे बूथों पर जाएंगे ऐसे प्रवासी कार्यकताओं की सूची तैयार कर दी गई है भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ता के दम पर ही वह चुनाव जीती है कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजेश वर्मा मंडल महामंत्री सचिन चौहान पंकज चौधरी सत्य कुमार चंद किरण सिंह शर्मिला बगवाड़ी शालिनी यादव सुचित्रा ध्यान सचिन आर्य विजय सैनी प्रवीण सैनी मांगेराम सैनी प्रधान सचिन कुमार जमालपुर के प्रधान हरेंद्र मलिक अजीतपुर के प्रधान प्रखर कश्यप सराय के प्रधान मनीष कुमार सतीश कुमार प्रधान जिला पंचायत सदस्य सोहनवीर पाल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरविंद कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित सैनी शुभम सैनी जिला महामंत्री आशु चौधरी सहित शक्ति केंद्र के संयोजक बूथ के अध्यक्ष प्रवासी कार्यकर्ता और भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## केबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने DPSG देहरादून स्कूल द्वारा आयोजित उत्तराखंड युवा संसद कार्यक्रम में की शिरकत

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** केबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने जनपद देहरादून स्थित सेलाकुई में DPSG देहरादून स्कूल द्वारा आयोजित उत्तराखंड युवा संसद कार्यक्रम में शिरकत किया। केबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में उच्च विचार एवं लक्ष्य रखते हुए उस पर कार्य करने की जरूरत है। कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री पुष्कर से धामी के नेतृत्व में युवाओं के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है ऐसे में हमें उस मार्ग पर चलने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा समाज और परिवार के निर्माण के विकास में अवरोध होता है। साथ ही कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए लगातार काम कर रही है आज खिलाड़ियों को जो सम्मान मिल रहा है वह पूर्व में नहीं मिलता था लेकिन वर्तमान में वह सम्मान उन्हें मिल रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास के माध्यम से बच्चों के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, अध्यापक व भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## अवैध स्मैक के साथ पूर्व सभासद कलियर पुलिस द्वारा गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में थाना पिरान कलियर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत दौराने चैकिंग दिनाक को 03.02.24 को



01 अभियुक्त मोहसिन पुत्र घसीटा निवासी ग्राम बेडपूर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार को नहर पटरी पुरानी स्टील फैक्ट्री के पास कलियर से 04.21 ग्राम अवैध स्मैक/के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 35/2024 धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## रुड़की में सीपीयू ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रुड़की हरिद्वार।** उत्तराखंड शासन के आदेश अनुसार सीपीयू रुड़की टीम द्वारा सोलानी के पुल पर 34 वा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत सोलानी के पुल पर आए सैलानियों और वाहनों से गुजर रहे यात्रियों को सीपीयू द्वारा यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। उन्हें इनका पालन करने की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई वहीं यहां आए लोगों ने बताया कि रुड़की क्षेत्र में जब से सीपीयू पुलिस आई है तभी से वह अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। साथ ही रुड़की क्षेत्र में चेन स्नेचिंग, राहजनी ,लूटपाट पहले अधिक होती थी और लोग अपने घरों से भी नहीं निकल पाते थे। लेकिन अब सभी लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। साथ ही कहा है कि उत्तराखंड पुलिस को मित्र पुलिस भी कहा जाता हैं। क्योंकि वह दिन रात सड़क पर रहकर आमजन की सुरक्षा करती है। सीपीयू टीम का नेतृत्व कर रहे एसआई मुकेश कुमार ने यातायात के नियमों से वाहन चालकों को अवगत कराया और कहा है कि कभी भी नशे की हालत में वाहन नहीं चलना चाहिए ,हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए ,तीन सवारी एक साथ ना बैठे ओवर स्पीड से बच्चे ,उन्होंने सभी से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या को इस बार काम करना है। और मिलजुल कर यातायात के नियमों का पालन करना है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# इनसाइट कार्निवल दिलचस्प खेलों, रोशनी और उत्सव के आकर्षण से सजाए गए इनसाइट के सबसे प्रतीक्षित कार्यक्रमों में से एक





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** श्री विले पार्ले केलवानी मंडल (एसवीकेएम) एक पेशेवर रूप से प्रबंधित ट्रस्ट है जिसके अंतर्गत बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान हैं। एसवीकेएम अग्रणी उद्योगपतियों और सामाजिक रूप से जागरूक परोपकारियों के दिमाग की उपज है जो शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करके स्थानीय क्षेत्र में योगदान देना चाहते थे। वर्ष 1964 में स्थापित, नरसी मोनजी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स महाराष्ट्र के सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों में से एक है, जिसे भारत के शीर्ष कॉलेजों में स्थान दिया गया है। इनसाइट नरसी मोनजी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स की वार्षिक बिजनेस, फाइनेंस और इकोनॉमिक्स मीट है। शहर के सबसे बड़े कॉर्पोरेट उत्सव के रूप में प्रशंसित, इनसाइट का लक्ष्य उल्लेखनीय घटनाओं, वक्ता सत्रों और इंटरफेसिंग अवसरों के माध्यम से कक्षा में सीखने और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग के बीच अंतर को पाटना है। इसका उद्देश्य ऐसी घटनाओं को डिजाइन और विकसित करके कौशल प्रदान करना है जो छात्रों को कॉर्पोरेट जगत से समृद्ध होने में मदद करेगी। इनसाइट कार्निवल दिलचस्प खेलों, रोशनी और उत्सव के आकर्षण से सजाए गए इनसाइट के सबसे प्रतीक्षित कार्यक्रमों में से एक है। मौज-मस्ती, तुच्छता और रोमांच के पहलुओं को शामिल करते हुए, यह टीम इनसाइट के दृढ़ संकल्प और प्रयासों का परिणाम है। इनसाइट कार्निवल हमेशा एक विजय रही है, जो उपस्थित लोगों की एक बड़ी भीड़ को आकर्षित करती है, जिनका उत्साह और ऊर्जा उत्सव की सफलता का प्रतीक है। हर साल, यह भव्य उत्सव विभिन्न कॉलेजों के छात्रों, पूर्व छात्रों और आकस्मिक नेताओं की उपस्थिति से सुशोभित होता है। इनसाइट व्यवसाय, वित्त, अर्थशास्त्र और अनौपचारिक क्षेत्र में कई कार्यक्रमों की मेजबानी भी करता है, जिनमें से पेरिकुलम, इनसाइट बिजनेस कॉन्क्लेव, ग्लोबल यूथ इकोनॉमिक समिट में उपस्थित लोगों की भारी भीड़ होती है। इस तरह के आयोजन एक मंच के रूप में कार्य करते हैं जहां युवा उद्यमी, महत्वाकांक्षी नेता और भविष्य के अर्थशास्त्री उन वक्ताओं के ज्ञान को आत्मसात करने के लिए एकत्रित होते हैं जिन्होंने सफलता के लिए विविध रास्ते तय किए हैं। इनसाइट प्रतिभागियों के लिए एक मंच पर खड़े होने और विशेष रूप से क्यूरेटेड सिमुलेशन में अपनी कुशलता और क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में कार्य करता है। यह वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में आगे की सोच और अनुकूलनशीलता को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। हमारे प्रायोजकों के साथ मिलकर, इनसाइट एक गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र बनाता है जहां विशेषज्ञता एकत्रित होती है, जो हमें खोज और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों की ओर प्रेरित करती है। इनसाइट ने ब्रिटानिया, वाटरी, प्लम बॉडी लविंग, विट्टी वुल्फ और कई अन्य प्रतिष्ठित प्रायोजकों का एक मजबूत समूह तैयार किया है। ये प्रायोजक न केवल वित्तीय सहायता लाते हैं बल्कि उत्सव में विशेषज्ञता और विश्वसनीयता का खजाना भी लाते हैं। इन सम्मानित प्रायोजकों के साथ जुड़कर, इनसाइट न केवल अपनी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, बल्कि अमूल्य संसाधनों तक पहुंच भी हासिल करता है, जिससे नवाचार को बढ़ावा देने और अपने संबंधित क्षेत्र में स्थायी प्रभाव डालने की क्षमता में और वृद्धि होती है।







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# टाइगर और दिशा पाटनी के रिश्ते पर बोले जैकी श्रॉफ

**बॉलीवुड** अभिनेता टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी के बीच लंबे समय से रोमांटिक रिश्ते में होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। दोनों के बीच रिलेशनशिप को लेकर बी–टाउन में लंबे समय से चर्चा है। बीते कुछ सालों से मीडिया पर इस तरह की खबरें हैं कि यह दोनों एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि अपने रिश्ते को लेकर कभी भी दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ ने खुलकर मीडिया से कोई बात नहीं की है, लेकिन टाइगर के पिता जैकी श्रॉफ ने अब इन दोनों के रिश्तो को लेकर बड़ी बात बोली है। जैकी श्रॉफ ने टाइग और दिशा के रिलेशनशिप के बारे में बात करते हुए खुलासा किया है कि टाइगर ने पहली बार 25 साल की उम्र में डेटिंग शुरू की थी। उन्होंने कहा– मेरे बेटे ने 25 साल की उम्र में डेटिंग शुरू कर दी थी और वे वास्तव में बहुत अच्छे दोस्त हैं। मुझे नहीं पता कि उन्होंने अपने भविष्य के लिए क्या फैसला किया है, लेकिन मुझे एक बात का यकीन है कि टाइगर अपने काम को लेकर बेहद फोकस्ड है। जैकी श्रॉफ ने कहा– 'कोई नहीं – चाहे वह उसकी मां, पिता, बहन या प्रेमिका हो, टाइगर के लिए उसके काम से ज्यादा कोई मायने नहीं रखता है। टाइगर और उसके काम के बीच कोई नहीं आ सकता। वह अपने काम पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो कि अच्छा है'।






# रश्मिका मंदाना ने जाहिर की खुशी

**नेशनल** क्रश रश्मिका मंदाना साउथ के बाद अब बॉलीवुड में भी धमाका करने के लिए तैयार हैं। वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनू' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। इसी बीच रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा स्टारर तेलुगु सुपरहिट फिल्म 'डियर कॉमरेड' के हिन्दी डब वर्जन ने यूट्यूब पर 250 मिलियन व्यूज को पार कर लिया है। रश्मिका मंदाना ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं यह वास्तव में कहीं भी ऐसा कभी नहीं कह सकती थी, लेकिन डियर कॉमरेड आज तक मेरे दिल के बेहद करीब है। प्रिपरेशन, वहां के लोग, शूटिंग प्रोसेस और अनुभव मेरे लिए इतने मायने रखते हैं कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसे शब्दों में बयां कर सकती हूं। रश्मिका ने कहा, हर बार जब भी मैं उस फिल्म का कोई गाना या कुछ देखती हूं, तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं और इससे मेरा मतलब सकारात्मक तरीके से है। यूट्यूब पर फिल्म के माइलस्टोन के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया, फिल्म के हिन्दी डब वर्जन द्वारा यूट्यूब पर 250 मिलियन व्यूज को पार कर लेना कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मुझे लगता है कि यह इसकी हकदार है। यह लोगों की कहानी है और यह वास्तविक है और हमारे दर्शक इसे देख सकते हैं। देश भर के दर्शकों द्वारा फिल्म पर अपना प्यार बरसाते हुए देखना दिल छू लेने जैसा है। और 'डियर कॉमरेड' ने मुझे एक एक्टर और एक व्यक्ति के रूप में बहुत कुछ दिया है। जिसकी मैं हमेशा आभारी रहूंगी।



# अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे अहान शेट्टी



**अक्षय कुमार** बॉलीवुड के सबसे बिजी एक्टर में से एक हैं। अक्षय के पास इन दिनों कई फिल्मों की लाइन लगी हुई हैं। वहीं अब उन्होंने साजिद नाडियाडवाला के साथ एक और फिल्म साइन की है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अक्षय के साथ सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी नजर आएंगे। अक्षय और अहान दोनों के पास नाडियाडवाला की एक–एक फिल्म पहले से है जिसमें अक्षय कुमार अभिनीत बच्चन पांडे और अहान शेट्टी अभिनीत तड़प शामिल है, ऐसे में अब दोनों का एक साथ आना निश्चित रूप से एक ऐसी खबर है जिसने सभी को उत्साहित कर दिया है। इस प्रोजेक्ट पर अभी काम चल रहा है, इसे लेकर अधिक जानकारी जल्द ही सामने आ सकती है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने कहा, पूरी टीम अभिनेताओं की इस एक्शन पावर–पैक के लिए उत्साहित है जिसमें अक्षय और अहान पहली बार एक साथ आ रहे हैं। केवल साजिद सर ही इसे संभव बना सकते थे और हम सभी वास्तव में उस एनर्जी के लिए उत्साहित हैं जो ये दोनों कलाकार स्क्रीन पर लाएंगे। प्रोजेक्ट की घोषणा की जानी बाकी है और फिलहाल प्लानिंग स्टेज पर है। हमारे पास जल्द ही अधिक जानकारी सामने होगी।